कक्षा दसवीं विषय हिंदी परीक्षा पाठ -4,5 पूर्णांक 28

Q.1 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल बाँस था कि बबूल ?
तुम मुझे पाए नहीं पहचान ? देखते ही रहोगे अनिमेष !
थक गए हो ? आँख लूँ मैं फेर ?
क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार ?
यदि तुम्हारी माँ न माध्यम बनी होती आज मैं न सकता देख मैं न पाता जान तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान

(क) कवि और शिशु के परिचय का माध्यम कौन बना ?
(i)शिशु की माँ (ii) कवि (iii) अन्य लोग (iv) सभी सही

(ख) शिशु की आँखें क्यों थक गई हैं ?
(i)अपने पिता को लगातार देखने के कारण (ii) माँ को लगातार देखने के कारण
(iii)छत को लगातार देखने के कारण (iv)नींद अधूरी रहने के कारण

(ग) कवि को बच्चे का स्पर्श कैसा लगा ?
(i)बाँस के फूल की तरह(ii)बबूल के फूलों की तरह (iii)शेफालिका के फूलों की तरह (iv)रूखा

(घ)कवि के स्पर्श से बच्चे पर क्या प्रतिक्रिया हुई ?
(i)बच्चा सो गया (ii)बच्चा खुश हो गया
(iii)बच्चा बिना पलकें झपकाए लगातार देखता रहा।(iv)बच्चा उसे पहचान गया।

(ङ) दंतुरित मुसकान से कवि का क्या आशय है-
(i)बच्चे का लगातार मुसकुराना (ii)छोटे-छोटे दाँतों वाली मुसकान (iii)बच्चे का पहली बार मुसकुराना (iv) सभी सही।

Q.2निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

अट नहीं रही है आभा फागुन की तन सट नहीं रही है।
कहीं साँस लेते हो, घर-घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम पर-पर कर देते हो,
आँख हटाता हूँ तो हट नहीं रही है।
पत्तों से लदी डाल कहीं हरी, कहीं लाल, कहीं पड़ी है
उर में मंद-गंध-पुष्प-माल, पाट-पाट शोभा-श्री पट नहीं रही है।

(क) प्रकृति के तन में वसंत का सौंदर्य समा नहीं पा रहा है, क्योंकि
(i) प्रकृति का सीमित परिवेश है. (ii) सौंदर्य की अधिकता है
(iii) वसंत के प्रति अत्यधिक आकर्षण नहीं है (iv) पेड़ फलों से लदे हुए हैं

(ख) हरे एवं लाल पत्तों से लदी डालियों को देखकर कवि को ऐसा लगता है, मानो
(i) संपूर्ण वातावरण में फूलों की खुशबू समा गई हो। (ii) डालियाँ पत्तों के भार को वहन करने में असमर्थ हैं।
(iii) फागुन के गले में सुगंधित फूलों की माला पड़ी हो।(iv) डालियाँ खुशी से झूम रही हैं।

ग) कवि की आँख फागुन की सुंदरता से इसलिए नहीं हट रही हैं, क्योंकि
(i) फागुन का सौंदर्य अनूठा है। (ii) फागुन का सौंदर्य फीका है।
(iii) फागुन का सौंदर्य कांतिहीन है। (iv) फागुन का सौंदर्य अशोभनीय है।

(घ) वन के वैभव में क्या कूट-कूटकर भरा है?
(i) रंग-बिरंगे पत्ते (ii) अपार जल. (iii) विशाल पर्वत एवं नदियाँ (iv) शोभा और सौंदर्य

(ङ) फागुन अन्य ऋतुओं से किस प्रकार भिन्न होता है?
(i) सुहावने मौसम के कारण (ii) पहाड़ों पर बर्फ जमने के कारण
(iii) नदियों में गर्म पानी बहने के कारण (iv) पेड़-पौधों पर फूल मुरझाने है।

Q.3निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 14

1 बच्चों की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?
2 कवि ने बच्चे की मुस्कान के सौंदर्य को किन-किन बिंदुओं के माध्यम से व्यक्त किया है?
3 फसल को हाथों के स्पर्श की गरिमा और महिमा कहकर कभी क्या व्यक्त करना चाहते हैं?

4. कभी बादल से फुहार रिमझिम या बरसाने के स्थान पर गरजने के लिए क्यों कहता है?
5. निराला ने उत्साह कविता के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के क्या संदेश दिए हैं तर्कसंगत उत्तर दीजिए।
6. अट नहीं रही है कविता में किसका वर्णन हुआ है और कवि ने उसे सौंदर्य के बारे में क्या कहा है?
7 कभी ने शिशु और उसकी मां को धन्य क्यों कहा है कविता के आधार पर बताइए।
Q.3 भाव स्पष्ट कीजिए 4
1' विद्युत छवि उर में' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए
2. छू गया तुमसे की झरने लग पड़े शेफालिका के फूल बांस था कि बबुल?
Q.4 बहु वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5
1 कवि को बच्चे की दंतुरित मुसकान के आनंद का सौभाग्य किसके माध्यम से मिला-
(क) अपने मित्र के (ख)अपने पिता के (ग) बच्चे की माता के(घ)अपनी माता के
2. 'अट नहीं रही है 'किस रस की कविता है?
3. कवि नागार्जुन पर बच्चे की मुसकान का क्या प्रभाव पड़ा-
(क) उसकी हताशा, निराशा और उदासी दूर हो गई (ख)उसके शुष्क हृदय में वात्सल्य उमड़ आया(ग)उसे अपने पितृ-दायित्व का ज्ञान हो गया (घ)उपर्युक्त सभी
4. कवि ने अतिथि किसे कहा है-
(क) स्वंय को (ख)माँ को(ग) बच्चे को(घ) किसी आगंतुक को
5. निराला की कविता में कौन सा छंद है?
6. नागार्जुन ने कब और कहां बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी ?
7. 'झोंपड़ी में कमल खिलने' से कवि का आशय है-
(क) झोंपड़ी का तालाब बन जाना(ख) झोंपड़ी का सुशोभित हो जाना(ग) गरीबी में आनंद आना(घ) पौधों पर फूल खिलना
8. घुमक्कड़ त्रयी में कौन-कौन से कवि आते हैं
9. 'फसल' कविता हमें प्रेरणा देती है-
(क)उपभोक्ता-संस्कृति कोअपनाने की(ख) कृषि-संस्कृति को अपनाने की (ग) अधिक-से-अधिकफसल उगाने की (घ) फसल को सुरक्षित रखने की
10. आधुनिक कबीर के नाम से किस कवि को जाना जाता है?